फा.नं. 6-3/2024- एमएसपी-ईएस
भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग
अर्थ, सांख्यिकी एवं मूल्यांकन प्रभाग
एमएसपी इकाई

कृषि भवन, नई दिल्ली
दिनांक: 1 जनवरी, 2025

अधिसूचना

विषयः 2025 मौसम के लिए कोपरा की मूल्य नीति- कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा।

भारत सरकार ने 2025 मौसम के लिए कोपरा की मूल्य नीति की घोषणा की है और इस संदर्भ में निम्नलिखित निर्णय लिए गए हैं:

(i) 2025 मौसम के लिए, उचित औसत गुणवत्ता (एफएक्यू) के मिलिंग कोपरा और बाल कोपरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) क्रमशः ₹ 11,582/- प्रति क्विंटल और ₹ 12,100/- प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है।

(ii) मिलिंग कोपरा की उचित औसत गुणवत्ता किस्म के एमएसपी के आधार पर कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, 2025 मौसम के लिए, पके हुए छिलका रहित नारियल का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करेगा।

(iii) राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नैफेड) और राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ (एनसीसीएफ) मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत कोपरा और छिलका रहित नारियल की खरीद के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसियां (सीएनए) होंगी। तदनुसार, यह एजेंसियां उपयुक्त तरीके से राज्य एजेंसियों को खरीद प्रचालनों में शामिल करेंगी।

2. इस संबंध में, सभी संबंधित मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों तथा अन्य एजेन्सियों से अनुरोध है की उपरोक्त निर्णयों पर उचित कार्रवाई के उपरांत इस कार्यालय को सूचित करें।

ज्ञानेन्द्र सिंह
01.01.2025
(ज्ञानेन्द्र सिंह)
संयुक्त निदेशक
फोन: 23380141